राज्य सचिव

कैलिफोर्निया के प्रिय बंधुओं,

वोट देने का अधिकार अमेरिकी लोकतंत्र की आधारशिला है। आपका वोट हमारे राष्ट्र के भविष्य, हमारे राज्य और आपके समुदाय को गढ़ता है। *आपकी भागीदारी मायने रखती है।*

यह मतदाता गाइड सूचित निर्णयों को लेने में आपकी सहायता कर सकती है और 3 मार्च 2020 के राष्ट्रपति के प्राथमिक चुनाव के लिए तैयार कर सकती है। यह राज्यव्यापी मतपत्र विधेयक के पक्ष और विपक्ष में निष्पक्ष, गैर-पक्षधर विश्लेषण और तर्कों को सम्मिलित करती है। आप कैलिफोर्निया के मतदाता के रूप में चुनाव के महत्वपूर्ण नियमों और अपने अधिकारों की समीक्षा भी कर सकते हैं।

इसके अलावा यह गाइड राज्य के सचिव की वेबसाइट: *voterguide.sos.ca.gov* पर दस भाषाओं में ऑनलाइन भी उपलब्ध है।

अगर आपको मतदाता पंजीकरण या अपना मतपत्र डालने के बारे में कुछ पूछना है तो आप टोल-फ्री नंबर 1-800-345-VOTE (8683) पर फोन करके राज्य सचिव के कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं।

इसके अलावा मददगार चुनाव संसाधनों और औजारों के लिए आप *vote.ca.gov* पर भी विजिट कर सकते हैं।

चुनाव के दिन मतदान के बाद हमारा नागरिक कर्तव्य खत्म नहीं हो जाता।

2020 में हमारे लिए जरूरी होगा कि अमेरिकी जनगणना में सभी कैलिफोर्निया वासी भाग लें। दस साल में एक बार होने वाली जनगणना का आपके समुदाय पर सीधा असर पड़ता है - अगले दस वर्षों हेतु हमारे स्कूलों, अवसंरचना, स्वास्थ्य-सेवा और आपातकालीन सेवाओं के लिए हमारे द्वारा प्राप्त किए जाने वाले संघीय वित्तपोषण का निर्धारण किया जाता है। इसके अलावा यह जनगणना कैलिफोर्निया के कांग्रेस के प्रतिनिधियों की संख्या और निर्वाचक मंडल के वोटों को भी निर्धारित करेगी।

हमारे लोकतंत्र के प्रति आपकी प्रतिबद्धता के लिए आपका धन्यवाद। आप चाहे डाक से मतदान करने या चनावों में व्यक्तिगत रूप से भाग लेने की योजना बनाते हैं, 2020 में अपना मतपत्र डालने की योजना बनाएं। आपका वोट महत्वपूर्ण है। जब आपकी तरह के और अधिक नागरिक मतदान करेंगे तो कैलिफोर्निया अधिक सशक्त होगा।